अंतरिम बजट 2024

# दिव्य आकाश

कोरबा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

वर्ष-14,अंक -43 | माघ कृष्ण पक्ष सप्तमी, विक्रम संवत् 2080 कोरबा, शुक्रवार दिनांक 02 से 08 फरवरी 2024 | पृष्ठ-8 मूल्य ₹ 3.00



## चुनावी घोड़े पर सवार निर्मला का अंतरिम बजट

### टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं, सैलरीड क्लास को कोई फायदा नहीं, 3 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनेंगी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार, एक फरवरी को मौजूदा मोदी सरकार का आखिरी बजट पेश किया। उन्होंने 58 मिनट लंबा भाषण दिया। यह अंतरिम बजट है, क्योंकि अप्रैल-मई में आम चुनाव होने हैं। नई सरकार बनने के बाद पूर्ण बजट जुलाई में पेश होने की उम्मीद है। वित्त मंत्री सीतारमण के कार्यकाल का यह छठा बजट है। वित्त मंत्री ने कहा, हमने अंतरिम बजट की परंपरा को जारी रखा है। यही वजह है कि सरकार ने किसी तरह की घोषणाएं करने से परहेज किया। हालांकि, अंतरिम बजट 4 सेक्ट्टर्स पर फोकस रहा। गरीब, महिलाएं, युवा और अन्न्नदाता (किसान)।

**इनकम टैक्स स्लैब**- सरकार ने आम आदमी को इस बार इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं दी है। टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया। **कुछ भी सस्ता या महंगा नहीं हुआ**- इस बार बजट में कुछ भी सस्ता या महंगा नहीं हुआ है। ऐसा क्यों ? ऐसा इसलिए क्योंकि 2017 में लागू किए गए त्तस्ज्ञ के बाद से बजट में केवल कस्टम ड्यूटी, एक्साइज ड्यूटी को बढ़ाया या घटाया जाता है, जिसका असर गिनी-चुनी चीजों पर पड़ता है।

**1. गरीबों के लिए**- सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। गरीब कल्याण योजना में 34 लाख करोड़ खातों में भेजे। **2. महिलाओं के लिए**- करीब 1 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनीं। अब 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। **3. युवाओं के लिए**- तीन हजार नए आईआईटी खोले गए हैं। 54 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। एशियाई खेलों में भारत के युवाओं को कामयाबी मिली है। **4. अन्नदाता ( किसानों )**-पीएम किसान योजना से 11.8 करोड़ लोगों को आर्थिक मदद मिली है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट को ऐतिहासिक करार दिया, कहा- 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी

पीएम मोदी ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए अंतरिम आम बजट को 'ऐतिहासिक, समावेशी और नवोन्मेषी करार दिया और कहा कि यह बजट 2047 के 'विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। बजट पेश होने के बाद प्रधानमंत्री ने एक वीडियो संदेश के जरिए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए यह भी कहा कि यह देश के भविष्य के निर्माण का बजट है, जो विकसित भारत के चार स्तंभों क्रमश: युवा, गरीब, महिला और किसान को सशक्त बनाएगा।



**इस बजट में निरंतरता का विश्वास**

मोदी ने कहा, ''आज का ये बजट समावेशी और नवोन्मेषी बजट है। इस बजट में निरंतरता का विश्वास है। ये बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला और किसान... सभी को सशक्त करेगा। यह बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। वित्तमंत्री और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए मोदी ने कहा कि इस बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षा का प्रतिबिंब भी है। उन्होंने कहा, ''बजट में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। शोध और नवोन्मेष पर एक लाख करोड़ रुपये का फंड बनाने की घोषणा की गई है। बजट में स्टार्टअप्स को मिलने वाली टैक्स छूट के विस्तार का ऐलान भी किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए पुंजीगत व्यय को 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपए की ऐतिहासिक ऊंचाई दी गई है। उन्होंने कहा, ''अर्थशास्त्रियों की भाषा में कहें तो ये एक प्रकार से 'स्वीट स्पॉट है। इससे भारत में 21वीं सदी के आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के साथ ही युवाओं के लिए अनगिनत रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे। मोदी ने कहा कि बजट में वंदे भारत स्टैंडर्ड की 40 हजार आधुनिक बोगियां बनाकर, उन्हें सामान्य यात्री ट्रेनों में लगाने का ऐलान किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे देश के अलग-अलग रेल रूट पर करोड़ों यात्रियों में आरामदायक यात्रा का अनुभव बढ़ेगा। उन्होंने कहा, ''इस बजट में गरीब और मध्यम वर्ग को सशक्त करने और उनके लिए आय के नए अवसर बनाने पर भी जोर दिया गया है।

**मध्यम वर्ग के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी**

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज आयकर से संबंधित जिस नयी योजना की घोषणा की गई, उससे मध्यम वर्ग के एक करोड़ लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा, ''पिछली सरकारों ने सामान्य जन के सिर पर दशकों से ये बहुत बड़ी तलवार लटका कर रखी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार एक बड़ा लक्ष्य तय करती और उसे हासिल करने के बाद उससे भी बड़ा लक्ष्य तय करती है। उन्होंने कहा, ''गांवों और शहरों में गरीबों के लिए हमने चार करोड़ से अधिक घर बनाए और अब हमने दो करोड़ और घर बनाने का लक्ष्य रखा है। हमने दो करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा था, अब इसे बढ़ाकर तीन करोड़ कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना ने गरीबों की बहुत मदद की है और अब आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को भी इस योजना का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में गरीब और मध्यम वर्ग को सशक्त करने के लिए और उनके लिए आय के नए अवसर बनाने पर भी बहुत जोर दिया गया है। उन्होंने कहा, ''छत पर सौर प्रणाली लगाने (रूफटॉप सोलराइजेशन) के अभियान में 1 करोड़ परिवारों को सोलर रूफ टॉप के माध्यम से मुफ्त बिजली प्राप्त होगी। इतना ही नहीं, सरकार को अतिरिक्त बिजली बेचकर लोगों को 15 से 20 हजार प्रतिवर्ष की आय भी होगी और ये हर परिवार को होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट में किसानों के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण और बड़े निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा, ''नैनो यूरिया का उपयोग हो, पशुओं के लिए नई योजना हो, पीएम मत्स्य संपदा योजना का विस्तार हो और आत्मनिर्भर ऑयल सीड अभियान हो, इससे किसानों की आय बढ़ेगी और खर्च कम होगा।

## हेल्थ सेक्टर: जिला अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज में बदला जाएगा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज यानी एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश कर दिया है। हेल्थ सेक्टर भी इस बजट से बड़ी उम्मीद लगाए बैठा था। फिलहाल जीडीपी का लगभग 2.5 फीसदी हिस्सा हेल्थकेयर पर खर्च किया जा रहा है। यह दुनिया के अधिकतर विकसित देशों के मुकाबले में काफी कम है। अंतरिम बजट में हेल्थ सेक्टर के लिए वित्त मंत्री ने कई घोषणाएं की हैं। वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट में देश में नए मेडिकल कॉलेजों को खोलने की घोषणा की है। वित्त मंत्री ने बताया कि जिला अस्पताओं को मेडिकल कॉलेजों में बदला जाएगा। इससे देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ेगी।

**बनाई जाएगी कमेटी**

जिला अस्पतलाओं को मेडिकल कॉलेज में बदलने के लिए सरकार कमेटी बनाएगी। यह समिति मौजूदा जिला अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज में बदलने के बारे में सुझाव देगी। इसी के साथ बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि मिशन सर्वाइकल कैंसर के टीकाकरण को सरकार बढ़ावा देगी। इसमें 9 से 14 साल की लड़कियों को मुफ्त में टीका दिया जाएगा।

**आयुष्मान भारत योजना**

वित्त मंत्री ने आशा और आंगनवाड़ी वर्कर के लिए घोषणा की है। वित्त मंत्री ने ऐलान किया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स को भी कवर किया जाएगा। अभी तक आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी वर्कर्स आयुषमान भारत योजना में शामिल नहीं थे। अब इन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा। बता दें कि आयुष्मान भारत या आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना देश की सबसे बड़ी पेपरलेस हेल्थ सर्विस योजना है।



यह कैशलेस मेडिकल कवर प्रदान करती है। भारत सरकार द्वारा प्रायोजित इस योजना के माध्यम से सार्वजनिक अस्पतालों और नेटवर्क प्राइवेट हॉस्पिटल में परिवार के आकार, लिंग और उम्र से संबंधित किसी भी लिमिटेशन के बिना वंचित परिवारों को फाइनेंशियल हेल्प प्रदान करती है।

### सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए बड़ा फैसला, 9 से 14 साल की लड़कियों को लगेगी फ्री वैक्सीन

सरकार सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9 से 14 वर्ष के आयु वर्ग की लड़कियों के टीकाकरण को प्रोत्साहित करेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले महीने कहा था कि वह देश में सर्वाइकल कैंसर के मामलों पर बारीकी से नजर रख रहा है और राज्यों तथा विभिन्न स्वास्थ्य विभागों के साथ नियमित संपर्क में है।

**एनटीएजी ने की थी सिफारिश**

सरकार ने पिछले साल मार्च में राज्यसभा को बताया था कि बीमारी के दबाव पर ताजा प्रमाण, एचपीवी टीके की एकल खुराक की प्रभावशीलता पर प्रमाण, क्लीनिकल परीक्षण के आंकड़े और टीके की शुरूआत पर सिक्किम सरकार के अनुभव के आधार पर, जून 2022 में टीकाकरण पर 'राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह (एनटीएजी) ने एक सिफारिश की थी। यह सिफारिश 9 से 14 साल की किशोरियों के लिए एक बार और इसके बाद नौ साल तक नियमित रूप से एचपीवी टीकाकरण को लेकर थी। एचपीवी टीका 'ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) के संक्रमण के कारण होने वाले कुछ कैंसर से बचाता है जिनमें सर्वाइकल कैंसर भी शामिल है।

**भारत में होती है लगभग एक-तिहाई मौत**

दुनिया भर में महिलाओं की कुल आबादी का 16 फीसदी हिस्सा भारत में है। सर्वाइकल कैंसर के लगभग एक चौथाई मामले और वैश्विक स्तर पर सर्वाइकल कैंसर से होने वाली मौतों में से लगभग एक-तिहाई मौत भारत में होती हैं।

## ऑटो-सेक्टर: ग्रीन मोबेलिटी को बढ़ावा देने पर जोर

वित्त मंत्री ने कहा- भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ रही है। साथ ही हमारी सरकार का लक्ष्य ग्रीन मोबेलिटी को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल नीतियों को जारी रखना है। इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग और चार्जिंग इको सिस्टम के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा दिया जाएगा। ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में भविष्य में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री सबसे ज्यादा होने की उम्मीद है। केंद्र सरकार इसको लगातार प्रोत्साहित कर रही है। इलेक्ट्रिक वाहन कम प्रदूषण फैलाते हैं। इसके अलावा उन्होंने हरित विकास को बढ़ावा देने के लिए एक नई बायो मैन्युफैक्चरिंग स्कीम की शुरुआत की भी बात कही है।

उन्होंने आगे कहा- देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए क्रेंद्र सरकार चार्जिंग स्टेशन के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए नए ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करेगी। इसके अलावा मौजूदा वेंडर्स के साथ-साथ ही नए उद्यमियों को भी शामिल किया जाएगा। इस चार्जिंग निर्माण के लिए युवाओं की भागीदारी बढ़ाई जाएगी। इसके लिए उन्हें तकनीकी ट्रेनिंग दी जाएगी। इससे युवाओं को ईवी चार्जिंग सेक्टर में रोजगार देने के लिए उनको पर्याप्त मौके दिए जाएंगे।



इसके अलावा वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने देशभर के सार्वजनिक परिवहन में इलेक्ट्रिक वाहनों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार सार्वजनिक ट्रांसपोर्टेशन के लिए इलेक्ट्रिक बसों को शामिल करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि सरकार इलेक्ट्रिक बसों को सार्वजनिक परिवहन के रुप में इस्तेमाल करने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम कर रही है। देश में ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए और पर्यावरण को स्वस्थ बनाने और देश में पेट्रोल डीजल पर निर्भरता को कम किया जा रहा है। सार्वजनिक परिवहन में इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल के अलावा सरकार निजी क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग को बढ़ावा दे रही हैं। इसके तहत ई-स्कूटर और ईवी कार पर ज्यादा सब्सिडी के साथ काफी आकर्षक डील्स को दिया जाएगा।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने हाथों से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का मुंह मीठा कराया और विकसित भारत के लिए बजट पेश करने रवाना किया और शुभकामनाएं दी

### मिडिल क्लास के परिवारों के लिए नई आवास योजना, मोदी सरकार गरीबों को देगी 2 करोड़ घर

मोदी सरकार किराए के घरों, झुग्गियों, चॉलों और अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले मध्यम वर्ग के योग्य वर्गों को खरीदने या खरीदने में मदद करने के लिए एक योजना शुरू करेगी।

**अपना घर बनाएं...**

पीएम आवास योजना (ग्रामीण) की उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि कोविड के कारण चुनौतियों के बावजूद योजना का कार्यान्वयन जारी रहा और सरकार तीन करोड़ घरों का लक्ष्य हासिल करने के करीब है। उन्होंने कहा कि परिवारों की संख्या में वृद्धि से उत्पन्न होने वाली आवश्यकता को पूरा करने के लिए अगले पांच वर्षों में दो करोड़ और घर बनाए जाएंगे। पीएम आवास योजना (ग्रामीण) 3 करोड़ घरों का लक्ष्य हासिल करने के करीब है।

## न महंगाई बढ़ी न घटी, इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं, न फसलों की एमएसपी बढ़ी- रूफटॉप सोलर से 300 यूनिट तक फ्री बिजली

बजट, बजट, बजट लो हो गया बजट पेश। लेकिन ये अंतरिम ही रहा। न टैक्स बदला, न बड़ी घोषणाएं। हालांकि सीतारमण 8 हफ्ते पहले ही बोल चुकी थीं कि साल चुनावी है, तो बजट अंतरिम ही रहेगा। असली बजट जून-जुलाई में पेश किया जाएगा, जब नई सरकार का गठन हो जाएगा।

वित्त मंत्री करीब 58 मिनट बोलीं। इस दौरान सबसे ज्यादा 42 बार टैक्स और इतनी ही बार पीएम शब्द दोहराए। पर डायरेक्ट या इंडायरेक्ट, किसी भी तरह के टैक्स में कोई बदलाव नहीं किया। सीतारमण का ये छठा बजट था। इसमें गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता, यानी किसान फोकस में दिखे।

**इनकम टैक्स- स्लैब में कोई बदलाव नहीं**

इनकम टैक्स में कोई राहत नहीं मिली। पुरानी टैक्स रिजीम पर 2.5 लाख रुपए तक की कमाई ही टैक्स फ्री रहेगी। हालांकि सेक्शन 87 के तहत 5 लाख तक की इनकम पर टैक्स बच सकता है।

नई टैक्स रिजीम पर भी पहले की तरह 3 लाख रुपए तक की कमाई टैक्स फ्री है। इसमें 87 के तहत सैलरीड पर्सन 7.5 लाख रुपए तक और बाकी 7 लाख तक की कमाई पर छूट ले सकते हैं।

**महिला: 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का टारगेट**




महिलाओं के लिए उम्मीद से कम घोषणाएं हैं। 3 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सर्वाइकल कैंसर रोकने के लिए 9-14 साल की बच्चियों को फ्री टीका लगाया जाएगा। सभी आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं और हेल्पर्स को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जाएगा।

**किसान- फसलों की एमएसपी का दायरा नहीं बढ़ा**

फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी मिनिमम सपोर्ट प्राइस का दायरा नहीं बढ़ाया है। वहीं, साल में 6,000 रुपए की किसान सम्मान निधि में भी इजाफा नहीं किया गया है। सरकार ने एग्रीकल्चर सेक्टर को 1.27 लाख करोड़ दिए हैं, जो पिछली बार के मुकाबले केवल 2 प्रतिशत ही ज्यादा है। पिछली बार एग्रीकल्चर बजट में 1.25 लाख करोड़ मिले थे।

**शिक्षा-रोजगार: 1 लाख करोड़ का कॉर्पस फंड**

शिक्षा और रोजगार पर कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई। हालांकि 1 लाख करोड़ के कॉर्पस फंड का ऐलान किया है। इससे 50 साल तक की अवधि के लिए इंट्रेस्ट फ्री लोन दिया जाएगा।

**डिफेंस- पिछले साल के मुकाबले 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी**

डिफेंस खर्च के लिए 6.2 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं। यह पिछले साल से केवल 0.27 लाख करोड़ यानी 3.4 प्रतिशत ज्यादा है।

हालांकि अंतरिम बजट में सबसे बड़ा हिस्सा डिफेंस का ही है। इसे कुल बजट का 8 प्रतिशत मिला है। सरकार डीप-टेक टेक्नोलॉजी को मजबूत करेगी, ताकि देश हथियारों के लिए आत्मनिर्भर बने।

**इन्फ्रास्ट्रक्चर- मेट्रो और नमो भारत प्रोजेक्ट बढ़ेंगे**

मेट्रो और नमो भारत जैसे प्रोजेक्ट्स बढ़ाए जाएंगे। देश में रेलवे फ्रेट कॉरिडोर के अलावा 3 और रेलवे कॉरिडोर बनाए जाएंगे। साथ ही 40 हजार रेल कोचेस को वंदे भारत स्टैंडर्ड का बनाया जाएगा।

कोयले से गैस बनाने की कैपेसिटी 2030 तक 100 मीट्रिक टन की जाएगी, ताकि नेचुरल गैस, मेथेनॉल और अमोनिया के इम्पोर्ट का खर्च घटे।

**वित्त मंत्री ने जी-20 समिट के दौरान घोषित इंडिया**

मिडिल ईस्ट यूरोप कॉरिडोर को भारत और दुनिया के लिए गेमचेंजर बताया। हालांकि इसकी प्रोग्रेस के बारे में कुछ नहीं कहा।

**सरकार की कमाई और खर्च का हिसाब**

वित्त मंत्री ने कहा कि अगले फाइनेंशियल ईयर यानी 2024-25 में सरकार की कमाई 30.80 लाख करोड़ (उधारी छोड़कर) और खर्च 47.66 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।

वित्त मंत्री ने कहा कि अगले वित्त वर्ष में सरकार को टैक्स कलेक्शन से कुल 26.02 लाख करोड़ मिलने का अनुमान है।

## देशी इलेक्ट्रिक व्हीकल, मोबाइल फोन सस्ते: सिगरेट, चांदी और इंपोर्टेड किचन चिमनी महंगी

आने वाले दिनों में मोबाइल फोन खरीदना सस्ता हो सकता है, वहीं सोना-चांदी खरीदना महंगा। ऐसा इसलिए क्योंकि सरकार ने मोबाइल फोन के कुछ पाट्र्स पर इंपोर्ट ड्यूटी घटा दी है और सोना-चांदी पर ड्यूटी में इजाफा किया है।

**सस्ता**-लिथियम आयन बैटरी बनाने में इस्तेमाल सामान की इंपोर्ट ड्यूटी घटाई, टीवी पैनल के ओपन सेल के पुर्जों पर कस्टम ड्यूटी 5 प्रतिशत से घटाकर 2.5 प्रतिशत की गई, मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग के लिए कुछ पाट्र्स पर कस्टम ड्यूटी घटाई, हीट कॉइल पर कस्टम ड्यूटी 20 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दी गई है। लैब में बने हीरों की मैन्युफैक्चरिंग में इस्तेमाल सीड पर ड्यूटी कम की। एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए श्रिंप फीड पर कस्टम ड्यूटी कम करेगी।

**महंगा**- सिगरेट पर राष्ट्रीय आपदा आपात ड्यूटी (NCCD) को 16 प्रतिशत बढ़ाया। गोल्ड बार और प्लेटिनम से बने सामान की ड्यूटी बढ़ाई

चांदी की ड्यूटी 6 प्रतिशत से 10प्रतिशत की। उससे बने सामान पर भी ड्यूटी बढ़ाई। कंपांउडेड रबर पर ड्यूटी को 10प्रतिशतसे बढ़ाकर 25प्रतिशत किया। किचन इलेक्ट्रिक चिमनी पर कस्टम ड्यूटी 7.5प्रतिशत से बढ़ाकर 15प्रतिशत की गई

### मुख्यमंत्री साय की प्रतिक्रिया

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, किराये के घरों, झुग्गी बस्तियों और चाल में रहने वाले लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा। ग्रामीण आवास योजना के तहत तीन करोड़ का लक्ष्य पूरा होने की कगार पर है। केंद्र सरकार की ओर से अगले पांच साल में दो करोड़ से अधिक घरों के निर्माण का लक्ष्य तय किया गया है।

### कांग्रेस ने कहा- मोदी सरकार की विदाई का अंतिम बजट

केंद्र सरकार के बजट को लेकर कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि, मोदी सरकार की विदाई का यह अंतिम बजट है। इस बजट से भी देश की जनता को निराशा हाथ लगी है। बीते दस सालों में मोदी सरकार ने देश का जो खस्ता हाल किया है उसकी झलक इस बजट में नज़र आती है। बढ़ती महंगाई और बेरोजारी को लेकर कोई फैसले नहीं लिए गये हैं। यह बजट के हवा हवाई है।

## जांजगीर-चांपा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**अमर अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली**



**जांजगीर-चाम्पा ( दिव्य आकाश )।**

जांजगीर-चांपा जिले में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने हाई स्कूल मैदान जांजगीर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में हर्ष फायर के साथ शांति एवं उत्साह के प्रतीक गुब्बारे आसमान में छोड़े गए। मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया गया। मुख्यमंत्री के द्वारा आमनागरिको के नाम संदेश का वाचन किया। शहीद परिवार के सदस्यों का शॉल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस दौरान विधायक जांजगीर ब्यास कश्यप, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, पूर्व विधायक नारायण चंदेल, पूर्व विधायक अंबेश जांगड़े, नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढेवाल, नगर पालिका उपाध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश पैगवार, कलेक्टर आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में आमनागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सतीश सिंह एवं दीपक यादव ने किया।

मुख्य अतिथि बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर जांजगीर-चांपा जिला मुख्यालय के कचहरी चौक स्थित शहीद स्मारक में श्रद्धासुमन अर्पित कर शहीदों को नमन किया।

समारोह में परेड सीनियर वर्ग में प्रथम जिला पुलिस बल, द्वितीय स्थान सीसीएफ 11वीं बटालियन भारत रक्षित और तृतीय स्थान जिला महिला पुलिस बल को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में एनसीसी 325 जांजगीर को प्रथम स्थान, एनसीसी बालिका ज्ञानदीप द्वितीय तथा गाइड दल गट्टानी जांजगीर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय जांजगीर को प्रथम स्थान, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय हरदी को द्वितीय स्थान तथा गट्टानी कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय जांजगीर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा विकास की झलक का प्रदर्शित करने वाली आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गई। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रदर्शित झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार द्वितीय स्थान प्राप्त कृषि एवं उद्यानिकी विभाग तथा तृतीय स्थान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को प्राप्त हुआ।

**बालको ने 75वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया**

# दुनिया को सभी के लिए एक बेहतर भविष्य बनाने के लिए बालको प्रतिबद्ध - सीईओ राजेश कुमार



**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने 75वां गणतंत्र दिवस बालको स्टेडियम में बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया। कार्यक्रम में 5000 से अधिक लोगों ने जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। समारोह की शुरूआत बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार के ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के साथ हुआ। उन्होंने परेड का निरीक्षण कर अनुशासित मार्च पास्ट की सलामी ली। ग्रांउड में शांति और स्वतंत्रता के प्रतीक के लिए गुब्बारे भी हवा में छोड़े गए। सीईओ राजेश ने बालको द्वारा हासिल किए गए सभी महत्वपूर्ण उपलब्धियों को भी दोहराया और सभी से विकास यात्रा में सक्रिय भागीदार बनने का आग्रह किया।

बालको और टाउनशिप की सुरक्षा में हमेशा तत्पर रहने वाले सुरक्षाकर्मियों ने परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन दिया। 15 स्कूलों के लगभग 1700 बच्चों ने पी.टी. ड्रिल, परेड, नृत्य प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भागीदारी की। दर्शकों ने राष्ट्र की समृद्ध संस्कृति और विविधता का जश्न मनाते हुए बालको के प्रचालन क्षेत्र के पास के स्कूलों के जीवंत सांस्कृतिक प्रदर्शनों का भी आनंद मिला।

कार्यक्रम का आकर्षण देश की आत्मनिर्भरता के लिए बालको की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने वाली झांकियों का जीवंत प्रदर्शन था। समुदायों के साथ एक संयुक्त उत्सव में बालको के पॉटलाइन, पॉवर प्लांट, लॉजिस्टिक्स, एफ.एल.ए. और सीएसआर कार्यों सहित विभिन्न व्यावसायिक कार्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली मनोरम झांकियाँ प्रस्तुत कीं। आकर्षित रूप से डिजाइन की गई झांकियां बालको के संचालन के विविध पहलुओं को प्रस्तुत करने के साथ ही समुदायों को सशक्त बनाने की उसकी प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित कर रही थी। सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका को निभाते हुए बालको टाउनशिप में सभी के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए बालको के डॉग स्क्वाड को विशेष रूप से सराहा गया।

संकल्प, नैतिकता और ईमानदारी के मूल्यों पर जोर देते हुए और सामूहिक प्रगति के प्रति बालको के समर्पण को दोहराते हुए सीईओ राजेश कुमार ने कहा कि बालको में हम अपनी वृद्धि और विकास की यात्रा के बीच औद्योगिक कौशल, पर्यावरण प्रबंधन और सामुदायिक विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम कर्मचारियों और समुदायों के विकास को महत्व देते हैं और दुनिया को सभी के लिए एक बेहतर भविष्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बालको अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके परिवारजन, व्यवसाय के साझेदार, विभिन्न श्रमिक संघों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में बालकोनगरवासी कार्यक्रम में मौजूद थे।

**बालको अस्पताल पहुंचकर सीईओ ने मरीजों को बांटा फल**

गणतंत्र दिवस उत्सव के उपरांत बालको के सीईओ बलको अस्पताल गए। जहां उन्होंने समुदाय के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता स्वास्थ्य और कल्याण के महत्व पर जोर देते हुए मरीजों के बीच फल वितरित किए।






**चार विद्यार्थियों को मिला नगर गौरव पुरस्कार-**



समारोह में बालकोनगर क्षेत्र में संचालित सेंट्रल बोर्ड और छत्तीसगढ़ बोर्ड के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए पुरस्कार दिए गए। कक्षा 10वीं में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा 10 हजार रुपए नगद तथा कक्षा 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा लैपटॉप प्रदान कर उनके परिवारजनों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में परेड प्रस्तुतियों और झांकियों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली टीमों को पुरस्कृत किया गया।

बालको के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी श्रीमती प्रज्ञा पाण्डे ने गंणतंत्र दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी के प्रति आभार जताया।

## कोरबा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा जिला मुख्यालय में आज 75 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। कोरबा के सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन उपस्थित थे। श्री देवांगन ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्य अतिथि ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का छत्तीसगढ़ वासियों के नाम संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर अनेकता में एकता के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े गये। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले के शहीदों के परिजनों को शॉल, श्रीफल भेंट कर विशेष सम्मान किया गया और वीर सेनानियों की शहादत के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। मुख्य कार्यक्रम में परेड कमांडर सुबेदार अनंत राम पैकरा के नेतृत्व में आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्रबल, जिला पुलिस बल पुरूष, छत्तीसगढ़ नगर सेना महिला, छत्तीसगढ़ नगर सेना पुरूष, एनसीसी पुरूष और एनसीसी महिला की टीम ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया। हर्ष फायर कर पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजाई गई।

**परेड में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को मिला प्रथम स्थान -**

मार्च पास्ट में आठ टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रोफेशनल वर्ग में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल द्वितीय तथा जिला पुलिस बल महिला को तृतीय स्थान मिला। सांत्वना पुरस्कार जिला पुलिस बल पुरूष को दिया गया। परेड नॉन प्रोफेशनल वर्ग में प्रथम स्थान एनसीसी महिला, द्वितीय स्थान एनसीसी पुरूष और तृतीय स्थान स्काउट गाइड सीनियर रेंजर, भारत गाइड की टीम को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम में एनसीडीसी को मिला प्रथम पुरस्कार**

मुख्य समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल में समा बांध दिया। शासकीय माध्यमिक विद्यालय एनसीडीसी कोरबा को प्रथम स्थान, डीएव्ही पब्लिक स्कूल एसईसीएल को द्वितीय स्थान, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय को तृतीय पुरस्कार और दिव्य ज्योति विशेष विद्यालय रामपुर, डीपीएस बालको, निर्मला स्कूल सीबीएसई रामपुर को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

**झांकी में वन विभाग रहा प्रथम** -समारोह में 16 शासकीय विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। वन विभाग द्वारा किंग कोबरा एवं वन्य जीव पर प्रस्तुत झांकी को प्रथम स्थान, स्वच्छता पर आधारित नगर पालिक निगम की झांकी को द्वितीय स्थान, कृषि संबंधित कार्यों पर आधारित कृषि विभाग की झांकी को तृतीय पुरस्कार ।

गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ पर जन-जन का अभिनंदन...
तेरा वैभव अमर रहे माँ
हम दिन चार रहें न रहें।
सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास विभाग
जिला-कोरबा (छ.ग.)

75वें गणतंत्र दिवस पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई...
जय हिन्द!
जय गणतंत्र!!
उप संचालक
पशुधन विकास विभाग
कोरबा, जिला-कोरबा

75वें गणतंत्र दिवस पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई...
Republic Day
श्रीमती दुलेश्वरी सिदार
अध्यक्ष
भूपेन्द्र सोनवानी
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
नवीन कुमार सिंह
उपाध्यक्ष
जनपद सदस्यगण - ज्योति देवीसिंह टेकाम, अनिल टंडन, भवानी राजेश राठौर, अंजू श्यामा पाण्डेय, संतोषी अशोक पाटले, चंद्रपाल जी, जमुना देवी, उत्तम पटेल, मुकेश जायसवाल, राजनंदनी, सुकृता , सुधराम अगरिया, राजकुमार कंवर, योगलक्ष्मी, अनिल कुमार, नारायण सिंह, अमिता महेन्द्र पैकरा, सुरजा बाई, लक्ष्मीन राजपूत, शशिकला सुखसागर महंत, विनोद कुमार, चंद्रभान सिंह जगत, दिलेश्वरी दिलीप कंवर, निलेश यादव, समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण
जनपद पंचायत पाली, जिला-कोरबा

दुकान किराये पर देना है
कोरबा के हृदय स्थल टी.पी. नगर नया बस स्टैंड के पास होटल ब्लू डायमंड के सामने दो दुकान 13x18 डूप्लेक्स शीघ्र ही किराए पर देना है।
हमसे संपर्क करें-
गोपाल राय सोनी
मो.: 79996 32557

वातरोगान्तक (Vatrogantak) Syrup
वात सम्बन्धित रोग जैसे शूल, आमवात, सन्धिवात, कटिग्रह, गृध्रसी में अचूक औषधि है, र्‌यूमीकैप कुचला, इन्द्रायान, मूल गुडूची, रसौल, लहसुन, कुलिंजन बीज, शु. गुग्गुल, रास्नापत्र, इन्द्रजौ और अमलताश आदि औषधियों का मिश्रण है। इस औषधि का प्रधान कार्य वातवाहिनी नाड़ियों पर होता है। जब वायु कुपित हो भयंकर वेदना उत्पन्न करती है तब यह कैप्सूल विशेष प्रभावकारी होता है।
Bharat Ayurvedic Works, Mob.: 9897489900
आयुर्वेदिक चिकित्सा परामर्श
गाठिया, जोड़ों का दर्द, साईटिका, श्वास, दमा, खांसी पुराना नजला, गैस, खाज, खुजली, शुगर, बवासीर, पथरी, लिकोरियो मर्दो व औरतों के गुप्त रोगों के निराश रोगी ईलाज के लिए मिलें।
डॉ. वाय. भारद्वाज
(एम.डी.) (एन.एम.)
सीएसईबी चौक
स्टेडियम रोड
ट्रांसपोर्ट नगर चौक
मुड़ापार रोड
पतंजलि श्रीश्री बैद्यनाथ Dabur ZANDU
शराब छुड़ाने की हर्बल दवा उपलब्ध
Roop Kanchan
Want to lighten your skin tone
सभी कंपनियों के आयुर्वेदिक दवाईयों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता
एक कदम आयुर्वेद की ओर ... स्वस्थ रहो अभियान...
शिव हर्बल आयुर्वेदिक एण्ड कॉस्मेटिक
शॉप नं. 07 अल्का काम्प्लेक्स, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो.: 9302358945

गणतंत्र दिवस पर जन-जन का अभिनंदन...
विनोद आदिले - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति खिसोरा
जिला-जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस पर जन-जन का अभिनंदन...
26 JANUARY
REPUBLIC DAY
वीरेन्द्र सिंह - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति कर्रा
जिला-जांजगीर चाम्पा

75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
गौतम आदित्य - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति जर्वे (बलौदा) जिला-जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं...
Republic Day
ओमप्रकाश कश्यप - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति जावलपुर
जिला-जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस पर जन-जन का अभिनंदन...
HAPPY 26 JANUARY REPUBLIC DAY
पुष्कर साहू- प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति सलखन
जिला-जांजगीर चाम्पा

75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
केशव सिंह - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति पहरिया
जिला-जांजगीर चाम्पा

# दिव्य आकाश

कोरबा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

कोरबा, शुक्रवार दिनांक 02 से 08 फरवरी 2024


सुविचार

दूर तक की सोच, बड़ी सोच आपको मंजिल दिलाएगी।

अजीत वसंत आईएएस



## सीबीएसई में अब 10वीं में होंगे 10 सब्जेक्ट्स, प्रस्ताव भेजा,12वीं में 6 पेपर करने होंगे पास

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी के लिए एजुकेशन स्ट्रक्चर में बदलाव करने का प्रस्ताव दिया है। इसके तहत क्लास 10वीं में अब दो लैंग्वेज की जगह तीन लैंग्वेज पढ़ाई जाएंगी। इनमें कम से कम दो नेटिव लैंग्वेज (जैसे हिंदी, मराठी) शामिल होंगी। बोर्ड ने यह प्रस्ताव एचआरडी मिनिस्टरी को भेजा है। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद ही इसे लागू किया जा सकेगा।

**10वीं के स्टूडेंट्स को 10 पेपर देने होंगे**

इस प्रपोजल में क्लास 10वीं के स्टूडेंट्स को अब 5 की बजाय 10 सब्जेक्ट में पास होना जरूरी होगा। अभी तक 10वीं के स्टूडेंट्स को 5 सब्जेक्ट को पढ़ना जरूरी होता है।

इसी तरह क्लास 12वीं के लिए दिए गए प्रपोजल में स्टूडेंट्स को 1 की बजाय 2 लैंग्वेज को पढ़ना होगा। इसमें कम से कम एक नेटिव इंडियन लैंग्वेज शामिल होनी चाहिए। इसका मतलब ये है कि बैचलर करने से पहले 5 के बजाय 6 सब्जेक्ट्स में एग्जाम पास करना जरूरी होगा।

**सभी 10 सब्जेक्ट में पास होना जरूरी**

इस प्रपोजल में तीन भाषाओं, गणित और कम्प्यूटेशनल थिंकिंग, सोशल साइंस, साइंस और एनवायर्नमेंट एजुकेशन की परीक्षा की कॉपियां दूसरे सेंटर पर चेक होंगी। आर्ट एजुकेशन, फिजिकल एजुकेशन और बिजनेस एजुकेशन में इंटर्नल और एक्सटर्नल दोनों ही एग्जाम लिए जाएंगे।

## फिशरीज इंस्पेक्टर के 70 पदों के लिए आवेदन प्रकिया शुरू

**छत्तीसगढ़ व्यापम ने जारी किया नोटिफिकेशन, 22 फरवरी आवेदन की अंतिम तिथि**

**रायपुर ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ मछली पालन विभाग ने मत्स्य निरीक्षक के 70 पदों के लिए व्यापम ने गुरुवार से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाईट पर अभ्यर्थी 1 फरवरी से 22 फरवरी तक आवेदन कर सकेगें। भरे हुए आवेदनों में त्रुटि सुधारने की तारीख 23 से 25 फरवरी निर्धारित की गई है ।

परीक्षा में हिस्सा लेने वाले स्थानीय निवासियों से किसी भी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। मत्स्य निरीक्षक के 70 पदों में अनारक्षित वर्ग के 29, अनुसूचित जाति के 8, अनुसूचित जनजाति के 23, अन्य पिछड़ा वर्ग के 10 पद शामिल हैं।

**शैक्षणिक योग्यता-** किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से BFSC पास

किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जीव विज्ञान में ग्रेजुएट और केंद्र या राज्य सरकार द्वारा किसी संस्थान से अंतर्देशीय मत्स्य उद्योग पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त।

इस आयु के लोग परीक्षा में कर सकते हैं आवेदन

1 जनवरी 2024 को 20 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके लोग आवेदन कर सकते हैं ।

अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष ।

आरक्षित वर्ग के लिए आयु में छूट मानदंडों के अनुसार मिलेगा।

**ऐसे कर सकते हैं आवेदन** - छत्तीसगढ़ फिशरीज इंस्पेक्टर के पदों पर भर्ती परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की ऑफिशल वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in में जाना होगा।

आवेदक को पहले अपना प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन करना होगा। एक बार प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन करने के बाद आवेदक को बार-बार व्यक्तिगत जानकारी नहीं भरनी होगी ।

शैक्षणिक योग्यता संबंधित दस्तावेजों की जानकारी भरने के बाद सभी की जांच कर सबमिट बटन को क्लिक करें

**वेतन/अन्य** - मत्स्य निरीक्षक के पदों के लिए वेतनमान 28700 रुपए (लेवल -7) होगा।

महिला कैंडिडेट के लिए कुल 19 पद आरक्षित किए गए हैं। वही दिव्यांग कोटे के लिए 5 पद आरक्षित है।

## छत्तीसगढ़ के 2 दिवसीय दौरे पर रहेंगे पायलट

**रायपुर ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के नए प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट कल छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान वह भारत जोड़ो न्याय यात्रा का छत्तीसगढ़ रूट को लेकर मंथन करेंगे। पायलट कल सीधे झासगुड़ा से रायगढ़ जाएंगे। रायगढ़ में जो अलग-अलग समितियां बनाई गई हैं, उनके प्रभारी की बैठक लेंगे। यात्रा की तैयारी को लेकर पदाधिकारियों से विस्तार से चर्चा करेंगे। पायलट दो दिनों में रायगढ़ से लेकर रूट से लेकर अंबिकापुर तक सभी जिलों में बैठक करेंगे। रायगढ़ से होगी शुरुआत -कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया कि शाम 4:30 बजे रायगढ़ में ही बैठक होगी। उसके बाद पायलट सक्ति जाएंगे, सक्ति में शाम 6:30 बजे वहां के जो जिम्मेदार-पदाधिकारी हैं उनके साथ बैठक करेंगे।

# कलेक्टर अजीत वसंत विद्यार्थियों को दी आगे बढ़ने और लक्ष्य हासिल करने की प्रेरणा, कहा-दूर की सोचें, बड़ा सोचें और बिना तनाव के परीक्षा की तैयारी करे

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कलेक्टर अजीत वसंत ने करतला विकासखंड अंतर्गत आत्मानन्द स्कूल करतला और रामपुर के स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा दसवीं और बारहवीं की कक्षा में जाकर विद्यार्थियों से न सिर्फ वन टू वन चर्चा की, उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा में सफल होने और लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगन, परिश्रम करने और कुछ बड़ा बनने के लिए अच्छा सोचने, बड़ा सोचने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि जीवन में आपको क्या बनना है, आपका लक्ष्य क्या है..? यह सोचकर नहीं रखेंगे तो मुकाम पर पहुंचने के लिए कई चुनौतियां आएंगी। आप विद्यार्थी हैं और पढ़ाई कर रहे हैं, सोचने पर किसी का एकाधिकार



नहीं है,दूर तक की सोच, बड़ी सोच आपको मंजिल दिलाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और परीक्षा को लेकर किसी तरह का तनाव व दबाव न रखने की बात कहते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

करतला में स्वामी आत्मानन्द विद्यालय के कक्षा 10 वीं में कलेक्टर अजीत वसंत ने कई विद्यार्थियों से बात भी की। छात्रा सुकांति राठिया और हेमलता राठिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में जो भी बनना है, उसके लिए दृढ़ निश्चय कर तैयारी किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री जी ने भी हाल ही में आप सबको तनावमुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करने का संदेश दिया था। उन्होंने 10 के पश्चात 11वीं कक्षा से विषय चयन के साथ कैरियर निर्माण की जानकारी भी दी। कक्षा 12वीं में उन्होंने आर्ट्स विषय के विद्यार्थियों को बताया कि कोई भी विषय बड़ा या छोटा नहीं होता। आर्ट्स वाले हैं, इसमें ज्यादा कैरियर की सम्भावनाएं नहीं हैं, यह सोच दिमाग से हटाकर पूरी तन्मयता के साथ परीक्षा की तैयारी करनी है। उन्होंने आर्ट्स सब्जेक्ट में जॉब की बहुत संभावनाएं होने की बात कही। रामपुर में सेजेस के निरीक्षण पर पहुँचे कलेक्टर ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों से चर्चा की। उन्होंने चन्द्रयान प्रक्षेपण पर विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए बताया कि देश के वैज्ञानिकों ने बड़ी उपलब्धि हासिल की। महिला वैज्ञानिकों का योगदान भी महत्वपूर्ण था। आप विद्यार्थी भी अपनी उत्सुकता और मेहनत से इस क्षेत्र में जा सकते हैं। कलेक्टर ने स्कूली विद्यार्थियों से यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने के बावजूद आप अपनी तैयारी और कठिन मेहनत से शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों की तरह आगे बढ़कर सफलता प्राप्त कर सकते हैं।


उन्होंने सेजेस स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती करने और पहुँचमार्ग,लाइब्रेरी, लैब शौचालय आदि समस्याओं को दूर करने की बात कही। कलेक्टर ने विद्यालय के प्राचार्य से गत परीक्षा परिणामों की जानकारी लेते हुए इस वर्ष परिणाम के प्रतिशत में वृद्धि करने की दिशा में विद्यार्थियों को बिना दबाव के लगातार प्रेरित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा, एसडीएम श्रीकांत वर्मा और बीइओ संदीप पांडेय भी उपस्थित थे।

## ज्ञानवापी : व्यास तहखाने में रोजाना होगी 5 आरती, ज्ञानवापी परिसर में अब श्रद्धालु भी कर रहे दर्शन

**वाराणसी ( एजेंसी )।**

ज्ञानवापी मामले में जिला अदालत के फैसले में व्यास तहखाने में पूजा-पाठ करने का अधिकार दे दिया है। जिसके बाद आज (1 फरवरी) ज्ञानवापी परिसर में आखिरकार 31 साल बाद पूजा-अर्चना शुरू हो गई है। साथ ही तहखाने अब रोजाना 5 आरती भी की जाएंगी जो कि सुबह 3.30 बजे मंगला आरती, दोपहर 12 बजे भोग, दोपहर 4 बजे और शाम 7 बजे आरती होगी और आखिरी रात 10.30 बजे शयन आरती की जाएगी।

विश्वनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी ओम प्रकाश मिश्रा और अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त निकालने वाले गणेश्वर द्रविड़ ने ब्यास जी के तहखाने में पूजा कराई। पूजा-पाठ का अधिकार काशी



विश्वनाथ ट्रस्ट को सौंपा गया है। वहीं, कोर्ट का आदेश आने के बाद रातोरात तहखाने से बैरिकेडिंग हटा दी गई थीं। इसके बाद तड़के ही पूजा के लिए लोग जुटने लगे।

पूजा की शुरुआत कड़े प्रशासनिक सुरक्षा घेरे में शुरू हुई है। भारी फोर्स की मौजूदगी में श्रद्धालु व्यास तहखाने की ओर जा रहे हैं और पूजा-अर्चना कर रहे हैं। काशी विश्वनाथ ट्रस्ट बोर्ड की तरफ से पूजा करवाई जा रही।

### 15 दिन तक पूजा रोकने की अपील, हाई कोर्ट में मुस्लिम पक्ष ने दायर की याचिका

ज्ञानवापी मामले में जिला अदालत के फैसले में व्यास तहखाने में पूजा-पाठ करने का अधिकार दे दिया है। जिसके बाद आज (1 फरवरी) ज्ञानवापी परिसर में आखिरकार 31 साल बाद पूजा-अर्चना शुरू हो गई है। उधर, मुस्लिम पक्ष ने हाई कोर्ट में याचिका दायर किया है और मांग किया है कि 15 दिन तक व्यास तहखाने में पूजा-पाठ करने पर रोक लगा दें।

## 2000 के नोट को लेकर आरबीआई से आया बड़ा अपडेट, 8,897 करोड़ के नोट अभी भी जनता के पास

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2,000 रुपए के लगभग 97.5 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा कि सिर्फ 8,897 करोड़ रुपए मूल्य के नोट अब भी जनता के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपए मूल्यवर्ग के बैंक नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी।

केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा, ''19 मई, 2023 को जब 2,000 रुपए के बैंक नोटों को वापस लेने की घोषणा की गई थी, उस दिन कारोबार की समाप्ति पर ऐसे कुल 3.56 लाख करोड़ रुपए मूल्य के नोट चलन में थे, जबकि 31 जनवरी, 2024 को कारोबार की समाप्ति पर यह राशि घटकर 8,897 करोड़ रुपए रह गई। इस प्रकार 19 मई, 2023 तक चलन में रहे 2,000 रुपए के कुल बैंक नोट का 97.5 प्रतिशत हिस्सा वापस आ गया है।

आरबीआई ने कहा, ''2,000 रुपए के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। लोग देशभर के 19 आरबीआई कार्यालयों में 2,000 रुपए के बैंक नोट जमा कर सकते हैं या बदल सकते हैं। लोग भारत में अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी कार्यालय को इंडिया पोस्ट के माध्यम से 2,000 रुपए के बैंक नोट भेज सकते हैं।

## मोदी सरकार का बजट सिर्फ रंग-बिरंगे शब्दों का मायाजाल, खरगे बोले- इसमें गरीबों और मध्य वर्ग लिए कुछ नहीं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा पेश अंतरिम बजट सिर्फ रंग-बिरंगे शब्दों का मायाजाल है तथा इसमें गरीबों और मध्य वर्ग लिए कुछ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार को बताना चाहिए कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने जितने वादे किए गए, उनमें से कितने पूरे हुए। खरगे ने एक बयान में कहा, '' मैंने बजट भाषण सुना। मैंने सोचा था कि वित्त मंत्री गरीब और मध्यम वर्ग के लिए नई योजनाएं लाएंगी। उनकी तकलीफ़ों को कम करने के लिए कुछ घोषणाएं होंगी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि हर साल की तरह मोदी सरकार का अंतरिम बजट केवल रंग-बिरंगे शब्दों का मायाजाल है।

**खोखले दावे करना इस सरकार की आदत**

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''इसमें ठोस कुछ नहीं है, बड़े-बड़े और खोखले दावे करना इस सरकार की आदत है। खरगे ने कहा, ''वित्त मंत्री ने बजट भाषण में कहा कि वे 2014 और 2024 की तुलना करने के लिए श्वेत पत्र सदन में रखेंगी। उनको बताना चाहिए कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने जितने वादे किए गए, उनमें से कितने पूरे हुए? कितने बाक़ी हैं? बजट में उन वादों का कोई ज़िक्र नहीं है। उन्होंने कहा, ''सालाना दो करोड़ नौकरियां, किसानों की आय दोगुनी करना, 2022 तक सभी को पक्का घर, 100 स्मार्ट सिटी, ये सभी वादे आज तक पूरे नहीं हुए।

### छत्तीसगढ़ में आईएएस अफसर बनाए गए जिलों के प्रभारी सचिव

# अलरमेलमंगई डी कोरबा प्रभारी

**रायपुर ( एजेंसी )।**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरकार गठन के 48 दिन बाद प्रदेश के जिलों में प्रभारी सचिवों की नियुक्ति की है। छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव अन्वेष धृतलहरे ने गुरुवार की दोपहर को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिया।

सभी 33 जिलों में प्रभारी सचिव नियुक्त किए गए है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, अफसरों का बैकग्राउंड और रिकॉर्ड की पूरी जांच करने के बाद उनकी नियुक्ति की गई है। रायपुर का जिम्मा निहारिका बारीक, बिलासपुर का मनोज पिंगुआ और दुर्ग का सुब्रत साहू को दिया गया है।

इन्हें मिली इन जिलों की जिम्मेदारी - रेणु पिल्ले -धमतरी, सुब्रत साहू-दुर्ग, मनोज कुमार पिंगुआ- बिलासपुर, निहारिका बारीक-रायपुर, शहला निगार-महासमुंद, कमलप्रीत सिंह- राजनांदगांव, परदेशी सिद्धार्थ कोमल-बलौदा बाजार-भाटापारा, प्रसन्ना आर-कबीधाम, अंबलगन पी- जशपुर, अलरमेलमंगई डी-कोरबा, आर संगीता - रायगढ़, राजेश कुमार टोप्पो -नारायणपुर, एस.प्रकाश - सचिव, नीलम नामदेव एक्का-सारंगढ़-बिलाईगढ़, अंकित आनंद - बालोद, सी आर प्रसन्ना - बेमेतरा, भुवनेश यादव - सूरजपुर, एस भारतीदासन - मुंगेली, शम्मी आबिदी - कांकेर, हिमशिखर गुप्ता - गरियाबंद, मो. कैसर अब्दुलहक - गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, यशवंत कुमार - बलरामपुर-रामानुजगंज, भीम सिंह - कोंडागांव, महादेव कावरे - खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, नरेंद्र कुमार दुग्गा - सुकमा, प्रियंका शुक्ला - जांजगीर-चापा, किरण कौशल - दंतेवाड़ा, डॉ. तंबोली अय्याज फकीर भाई - बस्तर, सौरभ कुमार - सक्ती, सुनील कुमार जैन - सरगुजा, जयप्रकाश मौर्य - मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, सारांश मित्तर - बीजापुर, रमेश कुमार शर्मा - मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, अवर सचिव ने प्रभारी सचिव की नियुक्ति करने के साथ ही उनको निर्देश भी जारी किए है। विभागीय सूत्रों के अनुसार सभी जिलों के प्रभारी सचिव को हर माह अपने जिलों का दौरा करना होगा। जिले में दौरा करने के साथ ही शासकीय विभागों के काम की समीक्षा करनी होगी। प्रभारी सचिवों को भ्रमण और अफसरों के काम की समीक्षा रिपोर्ट हर माह प्रमुख सचिव को भेजनी होगी। प्रमुख सचिव प्रभारी सचिवों की रिपोर्ट के आधार पर ही जिले में पदस्थ अफसरों की कार्यप्रणाली जाचेंगे और उसके संबंध में दिशा-निर्देश जारी करेंगे।

## छत्तीसगढ़ में पकड़े गए 3.80 करोड़ के नकली नोट

**महासमुंद ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ के महासमुंद में पुलिस ने गुरुवार को 3.80 करोड़ रुपए के नकली नोट बरामद किए हैं। इन नोटों को एक पिकअप में साड़ियों के अंदर छिपाकर ले जाया जा रहा था। पुलिस इसे इंटरनेशनल नेटवर्क से जोड़कर देख रही है। मामला सरायपाली थाना क्षेत्र का है।

एसपी राजेश कुकरेजा ने बताया कि, 760 पैकेट से 76 हजार 500-500 के नकली नोट मिले हैं। इन्हें 4 बोरियों में भरकर सारंगढ़ से रायपुर ले जाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि पिकअप चालक सरायपाली निवासी अरुण सिदार (18) को गिरफ्तार किया गया है।

**एक दिन पहले ही मिल गई थी सूचना**

पुलिस को बुधवार को सूचना नकली नोटों को ले जाने की सूचना मिल गई थी। इसके बाद नाकाबंदी की गई। सरायपाली के अग्रसेन चौक के पास सुबह एक पिकअप आती दिखाई दी। पुलिस ने उसे रोका और तलाशी ली तो अंदर साड़ियों के बीच छिपाए गए नकली नोट बरामद हो गए।

**अमेठी गांव के पास रोककर लोड कराया**

पुलिस की पूछताछ में आरोपी अरुण सिदार ने बताया कि, वह साड़ियों की डिलीवरी देने रायपुर जा रहा था। रास्ते में अमेठी गांव के पास एक व्यक्ति ने उसे रोका और 4 बोरियां रायपुर छोड़ने की बात कही। इसके बाद उसने बोरियों को लोड पिकअप में लोड कर लिया।

**अन्य राज्यों से जुड़े हो सकते हैं तार**

एसपी राजेश कुकरेजा ने बताया कि नकली नोट, पिकअप और आरोपी के मोबाइल को जब्त किया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। इसमें अन्य राज्यों से भी तार जुड़े होने की बात सामने आ सकती है। वहीं रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को भी सूचना दे रहे हैं। उनको जांच में शामिल करेंगे।

## भगत के करीबी इंजीनियर, एसआई और व्यवसायी हिरासत में-अंबिकापुर-रायपुर में आईटी रेड जारी; कोल-स्कैम सूत्रधार की डायरी में पूर्व मंत्री का नाम

**अंबिकापुर ( एजेंसी )।**

कांग्रेस नेता अमरजीत भगत के ठिकानों पर 24 घंटे से भी ज्यादा समय से गुरुवार को भी आयकर विभाग की कार्रवाई जारी है। बुधवार को उनके अंबिकापुर स्थित आवास और रायपुर विधायक कॉलोनी स्थित बंगले पर दबिश दी थी। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ की टीम ने पूर्व मंत्री के पीए, उनके करीबी एसआई और व्यवसायी के ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। सभी को हिरासत में लिया गया है। भगत का नाम कोयला घोटाले के आरोपियों में शामिल है। 17 जनवरी को ईडी ने एफआईआर दर्ज कराई है।

**घोटाले के सूत्रधार की डायरी में भगत का नाम**

बताया जा रहा है कि कोयला घोटाले के सूत्रधार कारोबारी सूर्यकांत तिवारी की डायरी में अमरजीत भगत का नाम है और उन पर 50 लाख रुपए लेने का जिक्र डायरी में है। भगत के अंबिकापुर के अलावा सीतापुर के बंगले में भी बुधवार को छापा मारा गया था।

**अमरजीत भगत के रायपुर बंगले में भी जांच जारी**

अमरजीत भगत के रायपुर स्थित आवास सरगुजा कुटीर में भी ढ्ढञ्ज टीम दस्तावेज खंगाल रही है। करीब दो एकड़ में बंगला, मंदिर, गार्डन और दफ्तर है। छापे के बाद अमरजीत की तबीयत बिगड़ी थी। उन्होंने कहा कि, कार्रवाई परेशान करने के लिए की जा रही है।

**सिविल इंजीनियर भगत के बंगले में रखा**

अमरजीत भगत के करीबी सिविल इंजीनियर प्रमोद टोप्पो को टीम ने हिरासत में लिया है। उसे फुंदुरडिहारी से पकड़ा है और फिलहाल अमरजीत के घर में रखा है। वे अमरजीत भगत के राजदार भी हैं। अंबिकापुर के कांग्रेस कार्यालय का निर्माण भी टोप्पो ने कराया था।

**पीए के घर लाखों की नगदी**

बलरामपुर में अमरजीत भगत के निजी सहायक राजेश वर्मा के घर से लाखों रुपए नगद, जेवरात और कई जमीनों के दस्तावेज जब्त करने की खबर है। हालांकि आयकर अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। राजेश वर्मा शिक्षक और उनकी पत्नी नर्स हैं।

**भगत के करीबी एसआई के घर भी जांच**

भगत के नजदीकी एसआई रूपेश नारंग के घर टीम ने दबिश दी है। रूपेश नारंग रायपुर में थे। उन्हें आईटी की टीम ने पूछताछ के लिए रायपुर में ही हिरासत में लिया है। कांग्रेस शासनकाल में नारंग को सरगुजा क्षेत्र में प्रभावशाली पुलिस अधिकारी माना जाता था।

## सुविचार

**आवाज ऊंची होगी तो कुछ लोग सुनेंगे लेकिन अगर बात ऊंची होगी तो बहुत लोग सुनेंगे**

## सरोकार

# बजट में सब सामान्य

वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने मोदी कार्यकाल का 9 वां बजट आज पेश किया। कुछ माह बाद लोकसभा का चुनाव होना है, जिसे देखते हुए मोदी सरकार का यह बजट न तो महंगाई बढ़ाने वाला है और ना ही घटाने वाला। अब तक जो चल रहा है, वैसा ही सामान्य चलता रहेगा और इस बजट को सामान्य माना जा सकता है। इनकम टैक्स का स्लैब जस का तस रखा गया है। यह अच्छी बात है कि मध्यम वर्ग परिवार के लिए आवास योजना, इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा, इको फ्रेंडली वाहनों पर जोर दिया गया है और रक्षा क्षेत्र को मजबूत बनाने की दिशा में काम होगा। रेलवे को भी पटरी पर बेहतर करने का काम होगा। मोदी सरकार ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है और यह बजट इस संकल्प के लिए पहला कदम माना जा सकता है। युवाओं को भी स्कील्ड बनाने, रोजगार सृजन की दिशा में बेहतर काम करने के लिए यह बजट सार्थक सिद्ध होगा। किसानों पर भी फोकस किया गया है।

**संपादक**

### रामचरित से भी बच्चे बेहतर बना सकते हैं भविष्य

# जिसके जीवन में अनुशासन हो, उसकी सफलता कोई नहीं रोक सकता



रामचरित मानस एक ऐसा ग्रंथ है, जिसमें जीवन के हर गुण छुपे हुए हैं। इसका एक-एक पन्ना जीवन को सुलभ बना सकता है। आज जिस तरह से बच्चे अच्छी पुस्तक छोड़कर मोबाईल में दिन बीता रहे हैं, वह स्वर्णिम भविष्य के लिए घातक है। अभिभावकों को इस ओर विशेष ध्यान देना होगा, ताकि बच्चे मोबाईल की आदत छोड़कर पाठ्य पुस्तकों के अलावा अच्छी-अच्छी पुस्तकों का अध्यन करें और दिमाग को पुष्ट बनाएं। मोबाईल का सीमित उपयोग तक ठीक है, लेकिन अति सर्वत्र वर्जयेत। मोबाईल के उपयोग से लाभ कम हानि ज्यादा होती है। मोबाईल का रेडिएशन शरीर के साथ आंख और मस्तिष्क के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। इसलिए बच्चे अच्छी पुस्तकों का अध्यन कर अपना भविष्य गढ़ सकते हैं। हमारे ऋषि, महर्षियों, संत महापुरूषों द्वारा रचित जीवनोपयोगी पुस्तकों का देश में भंडार है और ये पुस्तकें जीवन को स्वर्णिम बनाती हैं। देश में ऐसे-ऐसे महापुरूष हुए जिनका जीवन ही प्रेरणा बनकर स्वर्णिम भविष्य की राह गढ़ते हैं। रामचरित मानस एक ऐसा ग्रंथ है, जिसमें मुख्य पात्र के रूप में राम ने अपने आदर्शों से दुनिया को राह दिखाई, आज नई पीढ़ि इन आदर्शों को छोड़कर मोबाईल में अपना दिन व्यतित कर रहे हैं। राम ने जीवन जीने की शैली बतायी और अपनी जीवन शैली से समाज में आदर्श स्थापित किया, तभी तो हम आज भी रामराज्य की परिकल्पना करते हैं, कि कब फिर से देश में रामराज आयेगा। रामराज के लिए डगर कठिन है, सफर भी लंबा है, लेकिन यह परिकल्पना एक दिन जरूर साकार होगी।

बच्चे भी राम के चरित्र से कुछ गुण अपना लें तो भविष्य सुनहरा बन सकता है। जीवन में अनुशासन जरूरी है और बच्चे यदि अनुशासन में रहना, पढ़ना, सीखना, खेलना सीख जाएं तो उनकी सफलता को कोई नहीं रोक सकता। अब फिर से परीक्षा का समय आ गया है और परीक्षा से प्रतिभा बढ़ती है, बच्चे इसे चुनौती के रूप में लें और कठिन परिश्रम करें। परीक्षा का भय मन में नहीं होना चाहिए, क्योंकि यह सफलता के लिए सतत प्रक्रिया है और ऐसे पड़ाव को पार करते हुए ही लक्ष्य पाया जा सकता है।



डॉ गजेन्द्र तिवारी
शिक्षाविद
पाली जिला कोरबा
मो.: 94241-50282

# पर्यटकों को लुभा रही कोण्डागांव की सुंदरता

### मावा कोंडानार पर्यटन सर्किट का आनंद लेने पहुंच रहे देश विदेश के पर्यटक



**कोण्डागांव अपने आप में ढेरों प्राकृतिक संसाधनों के साथ अमूल्य सांस्कृतिक एवं पारम्परिक कलाओं को समेटे हुए है। यहां की संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्यता अपने आप में विलक्षण है। इन सभी संसाधनों से पूर्व में पूरा विश्व अनभिज्ञ था। जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा जिले में मावा कोंडानार पर्यटन सर्किट का विकास किया गया है। इस सर्किट के बन जाने से जिले में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। जहां एक वर्ष में टाटामारी में 01 लाख से अधिक लोगों ने विहंगम दृश्यों का आनंद लिया है। वहीं विदेशों से आये 50 से अधिक पर्यटकों ने यहां की सुंदरता का आनंद लिया है।**

## क्या है मावा कोंडानार सर्किट

कोण्डागांव जिले में पर्यटन की क्षमता के विकास के द्वारा स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार प्रदान करने के लिए उन्हें पर्यटकों के लिए टूर गाईड, हॉस्पिटालिटी एवं अन्य क्षेत्रों में कार्य करने हेतु अवसर प्रदान किया जा रहा है। स्थानीय महिला समूहों को पर्यटन क्षेत्रों के निकट जलपान व्यवस्था द्वारा रोजगार उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इस सर्किट में घुमाने हेतु स्थानीय युवाओं के पर्यटन समूहों द्वारा दो दिन तक का पैकेज तैयार किया गया है। जिसमें टाटामारी में विश्राम, नाइट कैम्पिंग, स्टॉर गेजिंग, स्टोरी टेलिंग, बोन फायर, हर्बल टी, पारम्परिक आदिवासी भोजन, सुर्योदय का विहंगम दृश्य, मांझिनगढ़ में आदिम काल के शैल चित्र सुर्यास्त का विहंगम दृश्य के अतिरिक्त कुएंमारी, लिंगोदरहा, ऊपरबेदी एवं होनहेड़ जैसे सुंदर जलप्रपातों का भ्रमण कराया जाता है। इस सर्किट के माध्यम से यहां के स्थानीय 40 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष एवं 200 से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है। इस सर्किट में पर्यटन हेतु ऑनलाइन बुकिंग केशकाल ईको टुरिजम की वेबसाइट

https://www.keshkaleco-tourism.in/

पर जाकर कराया जा सकता है।



## शिल्प नगरी कोण्डागांव

कोण्डागांव को शिल्प नगरी के रूप में जाना जाता है। इसे पर्यटन क्षेत्र में पहचान दिलाने के लिए समय समय पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसमें कोण्डागांव हस्तशिल्प महोत्सव, जल जंगल यात्रा, कोण्डागांव एडवेंचर फेस्टिवल, फायर फ्लाई ट्रेल, हेरिटेज वॉक, स्टार गेजिंग फेस्टिवल, भंगाराम यात्रा, मांझिनगढ़ वन महोत्सव, फ्रिडम ट्रेक आदि का आयोजन कराया जा चुका है। देश-विदेश से आने वाले पर्यटक यहां की शिल्पकला देखकर कह बैठते हैं- वाह! क्या हुनर है! पर्यटक यहां से पसंद के शिल्प वस्तु ले जाते हैं, जो उनके लिए यादगार भी होता है। पर्यटकों के कारण यहां की शिल्पकला को बड़ाबाजार उपलब्ध हुआ है।

## यहां लोगों की सादगी भी लुभा रही विदेशी पर्यटकों को

फ्रांस से आयी पर्यटक क्लेयर ने बताया कि उन्होंने दो बार टाटामारी और कोण्डागांव का भ्रमण किया है। पहली बार जब अपने दोस्तों के साथ आयी तो उन्हें यहां की प्राकृतिक खुबसूरती इतनी अच्छी लगी कि जब अपनी मां को भी इसके संबंध में बताया तो वे भी मेरे साथ कोण्डागांव का भ्रमण करने आयी थी।

फ्रांस के ही अल्बाने एवं गेल ने बताया कि वे इससे पहले कई स्थानों पर गये हैं परंतु कोण्डागांव में आदिम परम्परा और यहां के लोगों की सादगी उन्हें बहुत पसंद आयी। आदिवासी लोगों से मिलकर एवं उनकी दिनचर्या को पास से देखने का मौका मिला जिससे उन्हें बहुत खुशी मिली।

## कल-कल करते जलप्रपात पहुंच रहे हैं दिलों तक

फिनलेंड के थॉमस, निकोडेम, टोपीयाज ने कहा कि कोण्डागांव में स्थानीय युवाओं द्वारा हमें ट्रेकिंग करते हुए जलप्रपातों, वनस्पतियों को देखना एवं प्रकृति के बीच प्राकृतिक माहौल में मांझिनगढ़ के ऊपर कैम्पिंग करने का अनुभव अपने आप में अनुठा था। उन्हें यहां आकर बहुत खुशी महसूस हुई।

## नक्सलगढ़ अब शांति का टापू...

युवाओं के बीच सीविल सेवाओं की तैयारी हेतु प्रसिद्ध असिस्टेंट प्रोफसर एवं कांउसलर डॉ0 विजेन्द्र सिंह चौहान हाल ही में बस्तर के प्रवास पर थे उन्होंने ने अपने प्रवास की शुरूवात कोण्डागांव जिले के टाटामारी पर्यटन स्थल से की। जैसे ही वे टाटामारी पहुंचे टाटामारी के प्राकृतिक सौदर्य एवं विहंगम दृश्य को देखकर मंत्र मुग्ध हो गये और वे अपने आप को वहां की सौदंर्यता का वीडियो बनाने से नहीं रोक पाये और एक ट्रेवल व्लॉगर की तरह अपने सोशल मीडिया के माध्यम से यहां की सुंदरता को वर्णित करते हुए कहा कि अक्सर बस्तर को अशांति से जोड़ा जाता है, पर टाटामारी को देखकर आप इसकी तुलना केवल स्वर्ग से कर सकते हैं।

## आनंद का अनुभव

जगदलपुर से कोण्डागांव घुमने आये 36 सदस्यी दल के महेश ने बताया कि उनके कार्यालय वर्म फाईनेंश के सभी लोगों ने जब कोण्डागांव में घुमने का सोचा तो उन्हें इसकी खुबसूरती का अंदाजा नहीं था। यहां सभी ने ट्रेकिंग के साथ मांझिनगढ़ के दृश्यों का आनंद लिया। जो अभूतपूर्व था।



## 1 लाख से भी अधिक पहुंचे पर्यटक

इसी प्रकार नये साल के उत्सव में लिमदरहा में कैम्पिंग कर लोगों ने चंद्रमा एवं तारों को टेलीस्कोप की सहायता से देखा। विगत एक वर्ष में टाटामारी में जहां एकेले 01 लाख से अधिक पर्यटक आये वहीं कुंएमारी जलप्रपात को देखने 97 हजार, होनहेड़ जलप्रपात में 72 हजार पर्यटक देखने को जिससे स्थानीय लोगों को भी आजीविका का नया साधन प्राप्त हुआ है।

# पाकिस्तान के क्वेटा में बलूच नरसंहार के खिलाफ सभा में उमड़ा ऐतिहासिक जनसैलाब

पाकिस्तान में क्वेटा के शाहवानी स्टेडियम ने बलूचिस्तान के इतिहास में सबसे बड़ी सभाओं में से एक मेजबानी की। बलूच यकजेहती समिति द्वारा आयोजित यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम बलूच नरसंहार के खिलाफ उनके अभियान का हिस्सा था। बलूचिस्तान के विभिन्न क्षेत्रों से महिलाओं, राजनीतिक कार्यकर्ताओं और छात्रों के विविध समूह सहित हजारों की संख्या में लोग इस सभा में शामिल हुए। एजेंसी



# 14 फरवरी को बसंत पंचमी: वाणी और ज्ञान की देवी मां सरस्वती की महिमा



बसंत पंचमी हिंदुओं का प्रसिद्ध त्योहार है जिसे वसंत ऋतु के मौके पर मनाया जाता है। इस शुभ दिन पर ज्ञान और शिक्षा की देवी माता सरस्वती की आराधना की जाती है। हिंदू परंपराओं के अनुसार पूरे वर्ष को छह ऋतुओं में बांटा गया है, जिसमें बसंत ऋतु, ग्रीष्म ऋतु, वर्षा ऋतु, शरद ऋतु, हेमंत ऋतु और शिशिर ऋतु शामिल हैं। इन ऋतुओं में से बसंत ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा कहा जाता है और इसी दिन सरस्वती माता की पूजा के साथ बसंत ऋतु की शुरुआत होती है। इस साल बसंत पंचमी 14 फरवरी 2024 को मनाई जाएगी।

**कैसे हुई बसंत पंचमी को मनाने की शुरुआत?**

ऐसा कहा जाता है कि भगवान ब्रह्मा ने इसी दिन पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया था। सृष्टि की रचना करके जब उन्होंने संसार में देखा तो उन्हें चारों ओर सुनसान- शांति ही नजर आई। यह सब देखने के बाद ब्रह्मा जी संतुष्ट नहीं थे, तब ब्रह्मा जी ने भगवान विष्णु जी से अनुमति लेकर अपने कमंडल से पृथ्वी पर जल छिड़का। जल छिड़कने के बाद एक देवी प्रकट हुई। देवी के हाथ में वीणा थी। भगवान ब्रह्मा ने उनसे कुछ बजाने का अनुरोध किया ताकि पृथ्वी पर सब कुछ शांत न हो। परिणामस्वरूप, देवी ने कुछ संगीत बजाना शुरू कर दिया। तभी से उस देवी को वाणी और ज्ञान की देवी देवी सरस्वती के नाम से जाना जाने लगा। उन्हें वीणा वादिनी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि देवी सरस्वती ने वाणी, बुद्धि, बल और तेज प्रदान किया।

**नई शुरुआत के तौर पर देखा जाता है इस त्योहार को**

बसंत पंचमी जीवन में नई शुरुआत करने के लिए एक बहुत शुभ दिन है। बहुत से लोग इस दिन गृहप्रवेश के दिन नए घर में प्रवेश करते हैं, कोई नया व्यवसाय शुरू करते हैं या महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू करते हैं। इस त्योहार को अक्सर समृद्धि और सौभाग्य से जोड़ा जाता है। बसंत पंचमी के साथ, यह माना जाता है कि वसंत ऋतु की शुरुआत होती है, जो फसलों और कटाई के लिए एक अच्छा समय है। कड़ाके की ठंड के बाद, इस त्योहार को वसंत का पहला दिन, फसल काटने का समय माना जाता है। भारत किसानों का देश है, यही वजह है कि ये त्योहार भारतीयों के दिलों में काफी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन माता सरस्वती प्रकट हुई थीं इसलिए इस दिन उनकी विशेष पूजा करके उनसे विद्या, बुद्धि, कला का वरदान मागते हैं। मान्यता है कि लोगों को इस दिन पीले रंग के कपड़े पहनने चाहिए और पीले फूलों से देवी सरस्वती की पूजा करनी चाहिए, इस दिन आम के मौर को भी मां सरस्वती को अर्पित किया जाता है, इससे मां प्रसन्न होकर आशीर्वाद देती हैं।



**फिल्मफेयर के लिए रवाना हुईं करीना-करिश्मा, एयरपोर्ट पर दिखा कपूर सिस्टर्स का स्वैग**



**पति आदित्य और मां संग आउटिंग पर निकलीं यामी गौतम, पिंक सूट में गुलाब के फूल की तरह खिली-खिली दिखीं एक्ट्रेस**

# ट्रैडिशनल आउटफिट्स में कई हसीनाओं को मात देती हैं प्रीति जिंटा



बढ़ती उम्र के साथ जहां हर किसी की सुंदरता फीकी पड़ जाती है, वहीं प्रीति जिंटा के लिए यह कहना बिल्कुल ही गलत होगा। अपनी यूनिक ड्रेसिंग सेंस और फिट बॉडी के जरिए वह उम्र को मात देती हुई नजर आती हैं। बुधवार को बॉलीवुड की डिंपल गर्ल प्रीति ने अपना जन्मदिन मनाया। ऐसे में उनके इस खास दिन पर आपको एक्ट्रेस की कुछ ऐसी ड्रेसेज बताते हैं जिनसे आप वेडिंग या फिर पार्टी के लिए आइडियाज ले सकती हैं। पिंक कलर के स्लीव्स सूट में प्रीति जिंटा एकदम कहर ढा रही हैं। कानों में हैवी ईयररिंग्स और बालों को खुला छोड़ उनका लुक देखने लायक है। ऐसे में यदि वेडिंग में आप कोई सिंपल सूट पहनने का सोच रही हैं तो प्रीति की इस आउटफिट से आइडिया ले सकती हैं।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...


लखेश्वर सिंह - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति किरारी अकलतरा
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं...


अनिल कुमार
मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत नवागढ़, जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस पर जन-जन का अभिनंदन...


मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत
जिला- जांजगीर - चाम्पा

75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई...

उप संचालक
कृषि विभाग
जिला- जांजगीर - चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

सूर्यकांत - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति भैंसतरा
जिला जांजगीर चाम्पा

75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

रतिराम पंत - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति खैजा
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...


उपेंद्र सिंह - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति तिलई
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं...


गजेंद्र पटेल - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति अफरीद
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...


वनमंडलधिकारी
वनमंडल चाम्पा
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...


वन परिक्षेत्र अधिकारी बलौदा
वन मण्डल चाम्पा, जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं...

श्रम पदाधिकारी
जिला श्रम कार्यालय जांजगीर
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...


संतोष साहू -प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति लोहर्सी
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
जय हिन्द!


जय गणतंत्र !!
उमाशंकर चंद्रा- प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति लखाली
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं...


हीरो साहू- प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति डभरा खुर्द
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस पर जन-जन का अभिनंदन...


अमित कश्यप - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति पकरिया
जिला जांजगीर चाम्पा

75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई...

बाबूलाल मन्नेवार - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति दारंग
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

नरेन्द्र सिंह - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति बिर्रा
जिला जांजगीर चाम्पा

75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

प्रदीप दुबे - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति अकलतरी
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
तिजाउराम मन्नेवार - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति अमरूवा
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं...
शत्रुहन पटेल - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति सोंठी
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस पर जन-जन का अभिनंदन...
योगेश साहू - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति कामरीद
जिला जांजगीर चाम्पा

75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई...
रामकुमार पटेल - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति तालदेवरी
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
भागवत साहू - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति पिसौद
जिला जांजगीर चाम्पा

75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
लखन पटेल- प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति बम्हनीडीह
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
रथलाल डक्सेना - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति करनौद
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं...
सुखसागर - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति कुटरा
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
अंजनी थवाईत - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति सरहर
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
लक्ष्मी प्रसाद केवट - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति चोरियां
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं...
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग जांजगीर
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
कार्यपालन अभियंता
हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग जांजगीर
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
जय हिन्द! जय गणतंत्र !!
अनुविभागीय अधिकारी
हसदेव नहर जल प्रबंध उपसंभाग क्र.-07 नरियरा
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं...
अनुविभागीय अधिकारी
लोकनिर्माण विभाग उप संभाग जांजगीर
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस पर जन-जन का अभिनंदन...
अनुविभागीय अधिकारी
हसदेव नहर जल प्रबंध उपसंभाग क्र.-01 जांजगीर
जिला जांजगीर चाम्पा

75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई...
अनुविभागीय अधिकारी
हसदेव नहर जल प्रबंध उपसंभाग क्र.-02 नवागढ़
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
अनुविभागीय अधिकारी
ग्रामीण यांत्रिकी उप संभाग
नवागढ़, जिला जांजगीर चाम्पा

75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
अनुविभागीय अधिकारी
ग्रामीण यांत्रिकी उप संभाग
बलौदा, जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...




अनुविभागीय अधिकारी
ग्रामीण यांत्रिकी उप संभाग
बम्हनीडीह, जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं...




बीरबल कहरा - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति केरा
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस पर जन-जन का अभिनंदन...




शत्रुहन कटकवार - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति पोड़ी-शंकर
जिला जांजगीर चाम्पा

75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई...



शरद सिंह - शाखा प्रबन्धक
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर
शाखा- अकलतरा, जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



शंकर साहू - शाखा प्रबन्धक
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर
शाखा- शिवरीनारायण, जिला जांजगीर चाम्पा

75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



रोहित राठौर - शाखा प्रबन्धक
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर
शाखा-बाराद्वार, जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...




रश्मि गुप्ता - शाखा प्रबधक
गिरी लाल राठौर - सुपरवाइजर
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर
शाखा-चाम्पा, जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं...




डॉ. नरेश साहू - बी एम ओ
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...




अंजनी थवाईत - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति सरहर
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

जय हिन्द!



जय तिरंगा!

देवेंद्र द्विवेदी - शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर
शाखा नवागढ़ जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं...




रामविलास राठौर - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति सारागांव
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...




लेखराम कश्यप- प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति घुठिया
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

जय हिन्द!




जय गणतंत्र !!

शैलेन्द्र तिवारी - शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर
शाखा-जांजगीर, जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की 74वीं वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं...



जिला शिक्षा अधिकारी
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस पर जन-जन का अभिनंदन...




अनुविभागीय अधिकारी
लोक निर्माण विभाग, उप संभाग जांजगीर
जिला जांजगीर चाम्पा

75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई...



मोहन साहू - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति उच्चभट्ठी
जिला जांजगीर चाम्पा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...




शिव पटेल - प्रबन्धक
सेवा सहकारी समिति तनौद
जिला जांजगीर चाम्पा

75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



अनुविभागीय अधिकारी
जल संसाधन उप संभाग
बिर्रा, जिला जांजगीर चाम्पा

कलेक्टर की पहल

# ईंटभट्ठों में हुआ बालबाड़ी का संचालन

## बिरहोर जनजाति के कृषकों को मिली सामुदायिक खेती की जानकारी



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें निर्देशित किया गया था कि वे सोमवार को आम नागरिकों से मिलने के लिए अनिवार्य रूप से अपने दफ्तर में उपस्थित रहें। इसी तरह उन्होंने मंगलवार को समय सीमा की बैठक होने की वजह से अधिकारियों को बुधवार, गुरूवार सहित अन्य दिनों में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी फील्ड पर जाकर लेने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के इस निर्देश के पश्चात् अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी ली जा रही है। इसी कड़ी में उप संचालक कृषि अजय अनंत द्वारा विकासखण्ड पाली के ग्राम भेलवाटिकरा में भूमि संरक्षण कार्यालय द्वारा किए जा रहे लघुत्तम सिंचाई तालाब निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उप संचालक कृषि ने ग्राम पंचायत डोंगानाला अंतर्गत ग्राम गणेशपुर के मोहल्ला बिरहोर पारा में विशेष पिछड़ी जनजाति कृषकों को सामुदायिक खेती से जोड़ने एवं उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए बैठक आयोजित कर आवश्यक जानकारी

### शहर के दो आंगनबाड़ी केन्द्र मिले बंद, वेतन कटेगा

प्रदान की। मौके पर सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी चित्रागंद ठाकुर वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी जीपी डिक्सेना, आरएस पाल, अजय सिंह आदि के द्वारा किसानों से चर्चा कर जानकारी प्रदान की गई। जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज द्वारा शासकीय विद्यालय आमाडांड, ढेंगुरडीह, कोरकोमा का निरीक्षण कर शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन वितरण सहित विद्यालय संचालन की जानकारी ली गई। उन्होंने शिक्षकों को समय पर उपस्थित होने और बेहतर अध्यापन के निर्देश दिए। सहायक संचालक उद्यानिकी श्रीमती आभा पाठक द्वारा विकासखण्ड कटघोरा अंतर्गत ग्राम देवरी में कृषक सियाराम, पाली विकासखण्ड के ग्राम पंचायत उड़ता में बिरहोर जनजाति के कृषकों के स्थल का निरीक्षण कर सामूहिक खेती एवं उद्यानिकी को बढ़ावा देने प्रेरित किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की डीडीओ श्रीमती प्रीति खोखर चखियार द्वारा भी लगातार आंगनबाड़ी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कोरबा शहरी के दो आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाए जाने पर मानदेय काटने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने मिशन वात्सल्य अंतर्गत शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह बालक एवं विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण सेवा भर्ती मातृछाया का भी निरीक्षण किया और किशोर न्याय अधिनियम अंतर्गत निहित मानक मापदण्डों का पालन करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती चखियार द्वारा रामपुर सेक्टर कोरबा शहरी में अपनी उपस्थिति देकर बैठक ली गई। उन्होंने सहायक आयुक्त श्रम के साथ कटघोरा अंतर्गत ईंट भट्ठा पतरापाली, नवापारा, धंवईपुर आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कटघोरा ब्लॉक के पतरापाली, धंवईपुर में संचालित चार ईंट भट्ठों में तीन बालबाड़ी आरंभ किया गया है। यहाँ श्रमिकों के बच्चों को कार्यस्थल पर भोजन और अन्य पोषण आहार मिलेगा। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के निर्देश पश्चात् अधिकारियों द्वारा फील्ड पर लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

## सिपेट, पावर प्लांट का स्कूली विद्यार्थी ने किया भ्रमण, कलेक्टर ने दिखाई हरी झण्डी




**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार कोरबा जिले में आज सभी विकासखंड में संचालित शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा अजीत बसंत के द्वारा गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु सिपेट छुरीकला कोरबा एवं सीएसईबी पावर प्लांट में मशीनों का भ्रमण कराया गया जहां पर छात्र-छात्राओं को मशीनों की कार्य विधि एवं उपयोगिता का ज्ञान प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतर्गत जिले के लगभग 250 विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए कलेक्टर अजीत वसंत ने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि शासन की इस पहल से विद्यालयीन छात्रों को महत्वपूर्ण औद्योगिक संस्थाओं में संचालित गतिविधियों के साथ वैज्ञानिक अविष्कारों की जानकारी मिलेगी। उन्हें किताबी ज्ञान के साथ ही मौके पर मशीनों के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों का ज्ञान भी मिलेगा। कलेक्टर ने भ्रमण में जाने वाले विद्यार्थियों से कहा कि संस्थाओं में भ्रमण के दौरान विशेषज्ञों से अपनी उत्सुकताओं का अवश्य निराकरण किया जाना चाहिए और भविष्य में वैज्ञानिक अविष्कार के क्षेत्र में जाने के विषय में सोच-विचार भी किया जाना चाहिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज एडीपीओ समग्र शिक्षा के जी भारद्वाज एवं डीएमसी मनोज पांडे एवं जिला बाल विज्ञान प्रभारी डॉक्टर श्रीमती फरहाना अली कामता जायसवाल एवं शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी के मजदूरों को नहीं दिया गया गेट पासः ढाई सौ कर्मचारियों को काम से निकालने का आरोप, मजदूरों ने प्रबंधन के खिलाफ खोला मोर्चा

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

जमनीपाली में एनटीपीसी मजदूरों को गेट पास नहीं दिए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि कंपनी ने अचानक लगभग ढाई सौ कर्मचारियों को काम से निकाल दिया गया, इसे लेकर एनटीपीसी प्रबंधन के खिलाफ केसी जैन मार्ग पर श्रमिक नेता इकट्ठे हो गए और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

मजदूर रितेश कुमार ने बताया कि लगभग ढाई सौ कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया गया है। बताया जा रहा है कि एनटीपीसी पावर प्लांट में 31 तारीख



को नई कंपनी को काम दे दिया है, जहां ठेका चेंज होने के बाद दूसरी कंपनी आ गई है और अपने हिसाब से कर्मचारियों को रख रही है। सुबह जब वह काम पर आए तब इसकी जानकारी हुई।

**काम से निकालने पर होगी रोजी-रोटी की समस्या**

श्रमिक नेताओं का कहना है कि मजदूरों पर शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्रमिकों का आरोप है कि उन्हें जब काम से बाहर निकाला जाता है तब एनटीपीसी प्रबंधन मौन रहता है। कर्मचारी दोष कुमार मनेवार ने बताया कि पिछले 15 सालों से एनटीपीसी में ठेकाकर्मी हैं, आज अचानक काम से निकाल दिया गया है। ऐसे में उसके सामने रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो गई है।

**चार दिनों के भीतर काम पर रखने की बात पर बनी सहमति**

छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना के दर्री इकाई के अध्यक्ष नवल किशोर साहू ने बताया कि एनटीपीसी प्रबंधन और ठेकेदार मजदूर कर्मचारियों के साथ अत्याचार कर रही है उनका शोषण कर रही है। अचानक लगभग ढाई सौ कर्मचारियों को काम से निकाल दिया गया।

इसके बाद एनटीपीसी प्रबंधन ठेकेदार के बीच बातचीत हुई है, जहां चार दिनों के भीतर सभी को काम पर रखने की बात पर सहमति बनी है। अगर चार दिन बाद उन्हें काम पर नहीं रखा जाएगा तो आने वाले समय में प्रदर्शन कर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## गुरसिया सर्कल की जमीन पर कब्जा करने पेड़ काट डाले ग्रामीणों ने, सोता रहा वन विभाग, 52 पेड़ कटने के बाद जागा, दो गिरफ्तार



**कटघोरा ( दिव्य आकाश )।**

जिले में अवैध पेड़ कटाई के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। कई मामलों में जानकारी होने के बाद भी विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की जाती और वन अधिकारियों-कर्मचारियों की भूमिका ऐसे मामलों में संदिग्ध रहती है। कटघोरा वनमंडल के रेंजों में अवैध पेड़ कटाई के कई मामले आ चुके हैं। कई मामलों में वन विभाग ने कार्रवाई की, वहीं कई मामलों में आज भी कार्रवाई नहीं हो पाई है। कई मामले वन विभाग को तब पता चलता है, जब जब अवैध पेड़ कटाई के मामले मीडिया द्वारा सामने लाया जाता है। ऐसा ही एक मामला ऐतमा नगर रेंज के गुरसियां सर्कल में सामने आया। वन विभाग का फिल्ड वर्क विवादों में घिर आया है। 52 पेड़ कट जाने के बाद मीडिया में अवैध पेड़ कटाई का समाचार सार्वजनिक हुआ और कटघोरा वनमंडल के अधिकारी इसके बाद जागे और बड़ा मामला होने के कारण डीएफओ के निर्देश पर रेंजर अपने मातहत कर्मचारियों के साथ घटना स्थल पहुंचकर कार्रवाई की और दो ग्रामीणों को गिरफ्तार कर वन अधिनियम के तहत जेल भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक कोरबा जिले के कटघोरा वनमंडल में पेड़ों की कटाई करने के मामले में वन विभाग ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कुछ दिन पहले ये आरोपी एतमानगर रेंज के गुरसिया सर्कल की वनभूमि पर अवैध कब्जा करने की मंशा से पेड़ों की कटाई कर रहे थे। मामला सामने आने के बाद कटघोरा डीएफओ निशांत कुमार ने जांच के आदेश देने के साथ ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

कटघोरा डीएफओ निशांत कुमार ने मीडिया को बताया कि अवैध पेड़ कटाई के मामले सामने आए थे, जिसे लेकर जांच टीम बनाई गई और तत्काल कार्रवाई करते हुए रावणभांठा निवासी इतवार सिंह बिंझवार और वीरसिह बिंझवार के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल किया गया है।

**वन विभाग की जमीन पर कब्जा करने की थी नीयत**

बताया जा रहा है कि दोनों आरोपी वन विभाग की जमीन पर कब्जा करने की नीयत से पेड़ों की कटाई कर रहे थे। कब्जाधारियों द्वारा पेड़ काटने के बाद काफी लंबे-चौड़े जमीन को अवैध कब्जा करने के फिराक में थे। इस मामले में जांच के दौरान दो ग्रामीणों की भूमिका पाई गई, लिहाजा उन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तब उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि ये दो ग्रामीण तो गिरफ्तार हो गए, लेकिन अवैध कब्जा का मुख्य आरोपी गहरी जांच के बाद सामने आ सकता है। वन अधिकारी कितना फिल्ड वर्क करते हैं और वन सुरक्षा के लिए कितना संजीदा हैं, यह गुरसियां सर्कल में 52 पेड़ों की कटाई उजागर से पता चलता है।

## आंगनबाडी केंद्र में बच्चों हेतु अनुकूल स्वच्छ वातावरण निर्माण के लिए किया जा रहा प्रयास



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में निर्मल आंगनबाड़ी अभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास अधिकारी एवं समस्त एकीकृत बाल परियोजना अधिकारी के सहयोग से जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में साफ-सफाई और संगठित वातावरण बनाने हेतु सतत् प्रयास किया जा रहा है। अभियान के तहत 10 एकीकृत बाल विकास परियोजना एवं 91 क्षेत्र के अंतर्गत सभी आंगनबाडी केंद्रों को निर्मल बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान का मुख्य उद्देश्य आंगनबाडी केंद्र में बच्चों के अनुकूल स्वच्छ वातावरण निर्मित करना है। इस हेतु विभिन्न चरणों में अभियान चलाया जा रहा है। पहले चरण के अंतर्गत आंगनबाड़ी परिसर को स्वच्छ रखने का कार्य किया गया है, जिसमें केंद्र के प्रवेश द्वार, परिसर, और बाहरी क्षेत्र को निगरानी में रखने के साथ ही कमरे, फर्श की सफाई, उपयोगी खिलौनों, पोस्टर, प्ले-कार्ड, और अन्य सामग्री को सुव्यवस्थित रखना सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे बच्चों में खेल-कूद व अन्य गतिविधि की क्षमता वृद्धि भी होगी, साथ ही बच्चों का सही रूप से मानसिक व शारीरिक विकास होगा। अभियान के तहत बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण हेतु रसोई और भंडार कक्ष का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। खाद्य पदार्थों की सुरक्षा और स्वच्छता हेतु स्वच्छ और संगठित भंडार कक्ष तैयार किया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए गैर शासकीय संस्था पीरामल फाउंडेशन अहम योगदान दे रही है। संस्था द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में सुधार के साथ ही समुदाय के सभी वर्गों को एक-दूसरे से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस हेतु टीम द्वारा समुदाय स्तर पर सभी सदस्यों को संयुक्त रूप से सहयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पंचायत स्तर पर इसका नेतृत्व सरपंच एवं सचिव द्वारा किया जा रहा है। जिससे ग्राम पंचायत स्तर पर एक समृद्ध और सामूहिक साक्षरता का वातावरण निर्मित होगा।

निर्मल आंगनबाड़ी अभियान अंतर्गत 1949 को शामिल किया गया। फाउण्डेशन के गांधी फेलो द्वारा आंगनबाड़ी सुपरवाईजर एवं कार्यकर्ता, स्वसहायता समूह, युवाओं और अभिभावकों के सामूहिक प्रयासों से यह अभियान चलाया गया।



## सुजीत सिंह बने विधायक प्रतिनिधि

**दीपका ( दिव्य आकाश )।**

कटघोरा विधायक प्रेम चंद पटेल ने शासकीय विद्यालय दीपका में सुजित सिंह को विधायक प्रतिनिधि नियुक्ति की है। विधायक द्वारा इस संबंध में जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार प्रतिनिधि सुजीत सिंह को निर्देश दिया है कि वो भारतीय जनता पार्टी के अन्य सदस्यों के सामंजस्य से जनसमस्या, विकास कार्यों सहित अन्य समस्याओं के संबंध में प्रस्ताव बना कर समय समय पर उन्हें दूर करवाने आवश्यक पहल करेंगे । सुजीत ने कहा वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे।

# खेल के माध्यम से अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मिलता है सुनहरा मौका- विधायक पटेल

### देश भर से आये 1000 खिलाड़ी मधुर स्मृति लेकर कोरबा से रवाना हुए

### 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत जिले के सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में आयोजित बेसबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का आज विधायक कटघोरा प्रेमचन्द्र पटेल की उपस्थिति में समापन हुआ। इस अवसर पर नगर निगम सभापति श्याम सुंदर सोनी, जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी. भारद्वाज, क्रीडा अधिकारी दीनू पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, विभिन्न प्रांतो से आए प्रतिभागी एवं उनके कोच उपस्थित थे।

विधायक श्री पटेल ने समापन समारोह में खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए सभी प्रतिभागियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की जीवन में खेल का बहुत महत्व है। इससे हमारी शारीरिक विकास के साथ ही मानसिक विकास भी होता है। श्री पटेल ने खिलाड़ियों से कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में दो ही पहलु होते है हार या जीत। परन्तु यहां हमें सबसे महत्त्वपूर्ण चीज जो मिलती है वह है अवसर के साथ सीख, जो हमें हमेशा आगे



बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि आप सभी को खेल के माध्यम से अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा मौका मिला है। विधायक पटेल ने कहा कि अनेकता में एकता हमारे देश की खूबसूरती है। इस प्रतियोगिता में 14 प्रांतों से आए लगभग 1000 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का अच्छा प्रदर्शन किया। सभी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को विजयी बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खेल में मिली हार से हमें निराश नहीं होना है, बल्कि अपने खेल में सुधार कर और बेहतर प्रदर्शन करना है।

सभापति श्याम सुंदर सोनी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि खेल का मनुष्य जीवन से गहरा नाता है। खेल शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। इससे हमें टीम भावना सीखने को मिलती है। सभी प्रतिभागी यहां से अपनी मधुर स्मृति साथ लेकर जाएंगे। जिससे उन्हें हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

इस दौरान कटघोरा विधायक पटेल सहित अन्य अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। जिसके अंतर्गत बालक-बालिका 14 एवं 19 आयु वर्ग के बेसबॉल मैच में छत्तीसगढ़ ने सभी वर्गों में जीत हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ की टीम ने सभी वर्गों में दिल्ली को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में बालक, बालिका 14 एवं 19




आयु वर्ग में दिल्ली की टीम उपविजेता रही। इसी तरह बालक 19 आयु वर्ग की प्रतियोगिता में महाराष्ट्र तीसरे, मध्यप्रदेश चतुर्थ, बालिका 19 वर्ष आयु में महाराष्ट्र तीसरा, चंडीगढ़ चतुर्थ, बालक 14 वर्ष में सीबीएसई तीसरा, महाराष्ट्र चतुर्थ और बालिका 14 वर्ष में चंडीगढ़ तीसरा व महाराष्ट्र चौथे स्थान पर रहा।



स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर राजवाड़े द्वारा आकाश आफसेट टीपी नगर कोरबा से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com